राधिके यूँही जमुना पे आती रहो

राधिके यूँही जमुना पे आती रहो,
बाहों के झूले में मैं झुलाता रहू,
काली काली घटा में कोयल की तरह तुम भी गाती रहो,
मैं भी गाता रहू,
ये तेरा दिल है मेरी मंज़िल है,
ये तेरा दिल है मेरी मंज़िल है,
इससे मैं ज़्यादा अब क्या कहू,
सांवरे यूँही जमुना पे आते रहो,
बाहों के झूले में मैं झुलाती रहू,
काली काली घटा में कोयल की तरह तुम भी गाते रहो,
मैं भी गाती रहू,
ये तेरा दिल है मेरी मंज़िल है,
ये तेरा दिल है मेरी मंज़िल है,
इससे मैं ज़्यादा अब क्या कहू,
राधिके यूँही जमुना पे आती रहो,
बाहों के झूले में मैं झुलाता रहू।

तुम्हे मुरली सुनाने से तुम्हे अपना बनाने से,
तुम्हे दिल की बताने से दूर होते है गम,
मुझे भी चैन होता है मेरा मन मुस्कुराता है,
तू जब मुरली बजाता है तो खुश होते है हम,
बात बिलकुल है ये अच्छी लगन मेरी भी है सच्ची,
राधिके यूँही जमुना पे आती रहो,
बाहों के झूले में मैं झुलाता रहू।

है जब तक दम मेरा दे दम यूँही मिलते रहेंगे हम,
ना करना प्यार कभी ये कम यही है वादा,
तेरा ही तो ये तन मन है सदा तुझको समर्पण है,
तू ही राधा का मोहन है, है तेरी राधा,
तेरा ये साथ ना छूटे तेरा ये हाथ ना छूटे,
राधिके यूँही जमुना पे आती रहो,
बाहों के झूले में मैं झुलाता रहू,
काली काली घटा में कोयल की तरह तुम भी गाते रहो,
मैं भी गाती रहू,
ये तेरा दिल है मेरी मंज़िल है,
इससे मैं ज़्यादा अब क्या कहू,
सांवरे यूँही जमुना पे आते रहो,
बाहों के झूले में मैं झुलाती रहू।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25369/title/radhike-yu-hee-jamuna-pe-aati-raho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |